श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

**SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY**

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

(बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016)

एफ.1(116)/एल.बी.एस.एन.एस.यू./जी.ए.डी. /2025-26/1102 दिनांक: 15.10.2025 16

## कार्यालय आदेश

उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या C-34013/5/2025-Vig.(Part-1) दिनांक 24 सितम्बर, 2025 एवं केन्द्रीय सतर्कता आयोग के परिपत्र संख्या 06/092025 दिनांक 10.09.2025 के अनुपालन में **सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025, 27 अक्टूबर से 02 नवंबर, 2025** तक मनाया जायेगा।

इस कार्यक्रम की थीम **"सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी"** है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के सम्बन्ध में आयोजित होने वाली गतिविधियाँ निम्न प्रकार से है :-

| दिनांक एवं समय | गतिविधियाँ/ कार्यक्रम | स्थान | निर्णायक/ संयोजक |
|---|---|---|---|
| 27.10.2025 (मध्याह्न 12:00 बजे) | CVO के द्वारा कुलपति महोदय की अध्यक्षता में शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई जायेगी। **प्रो० दिवाकर दत्त शर्मा, मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO)** | योग सभागार (सारस्वत साधना सदन) | मुख्य सतर्कता अधिकारी |
| 28.10.2025 (अपराह्न 03:00 बजे) | विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दों पर वाद-विवाद/भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्रो० मार्कण्डेय नाथ तिवारी, छात्र-कल्याण संकाय प्रमुख की अध्यक्षता में सहायक प्रो० दिनेश कुमार यादव के सहयोग से किया जा सकता है। **विषय: "भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई"** **Subject: Fight Against Corruption** | समिति कक्ष संख्या-03 (शैक्षणिक सदन) | निर्णायक: प्रो० दिवाकर दत्त शर्मा, प्रो० मार्कण्डेय नाथ तिवारी, प्रो० जगदेव कुमार शर्मा, सह-प्रो० दिनेश कुमार यादव |
| 29.10.2025 (पूर्वाह्न 11:30 बजे) | • छात्र-छात्राओं हेतु पैदल यात्रा (Walkathons/ Marathons), नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया जैसे Whatsapp / SMS/ E-mail/ X/ Facebook आदि के माध्यम से Central Vigilance Commission को टैग करते हुए (X: @CVCIndia / Facebook: CVCofIndia) सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम को प्रोत्साहन,<br>• बैनर/ पम्फ्लेट्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार<br>• शिकायत निवारण शिविर का आयोजन | विश्वविद्यालय परिसर | संयोजक: प्रो० दिवाकर दत्त शर्मा, प्रो० विनोद कुमार शर्मा, प्रो० रतन लाल, सह-प्रो० दिनेश कुमार यादव |
| 30.10.2025 (अपराह्न 03:00 बजे) | गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए विश्वविद्यालय की नीतियों/ प्रक्रियाओं और निवारक सतर्कता उपायों पर कर्मचारियों के लिए कार्यशालाएं/ संवेदीकरण कार्यक्रम, | समिति कक्ष संख्या-03 (शैक्षणिक सदन) | संयोजक: प्रो० दिवाकर दत्त शर्मा, प्रो० मार्कण्डेय नाथ तिवारी, प्रो० जगदेव कुमार शर्मा, सह-प्रो० दिनेश कुमार यादव |
| 31.10.2025 (अपराह्न 12:00 बजे) | पुरस्कार वितरण समारोह | शैक्षणिक सदन समिति कक्ष संख्या 03 | कुलसचिव महोदय द्वारा |
| 10 नवम्बर, 2025 तक | • लंबित शिकायतों का निपटान (Disposal of pending complaints)<br>• लंबित मामलों का निपटान (Disposal of pending cases)<br>• शिकायत निवारण शिविर की संख्या (No. of grievance redressal camps held)<br>• क्षमता निर्माण कार्यक्रम (Capacity building programs)<br>• परिसंपत्ति प्रबंधन (Asset management)<br>• डिजिटल इनिशिएटिव (Digital Initiatives) | विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के क्रियानव्यन हेतु | मुख्य सतर्कता अधिकारी के अधीक्षण में सह-प्रो० दिनेश कुमार यादव के सहयोग से |

उपर्युक्त के सम्बन्ध में फ़ोटो एवं मीडिया क्लिप्स सहित सम्पूर्ण रिपोर्ट 30 नवम्बर, 2025 तक निर्धारित प्रारूप में CVC की वेबसाइट coordl-cvc@nic.in के माध्यम से छात्र-कल्याण संकाय प्रमुख एवं सहायक आचार्य दिनेश कुमार यादव के सहयोग से मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO) द्वारा प्रस्तुत की जायेगी।

विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक/ गैर-शैक्षणिक वर्ग और छात्रों से उपर्युक्त गतिविधियों/ कार्यक्रमों में भाग लेने का अनुरोध है।

यह कार्यालय-आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है।

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

प्रतिलिपि:

1. समस्त पीठाध्यक्षों/ विभागाध्यक्षों एवं अध्यापकों के लिए सूचनार्थ
2. कुलानुशासक/ मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO)/ छात्रावास अधिष्ठाता/ जनसंपर्क अधिकारी/ छात्रकल्याण संकाय प्रमुख एवं सह-छात्रकल्याण पीठाध्यक्ष
3. उपकुलसचिव (लेखा/ परीक्षा)
4. अभियान्त्रिकी विभाग को इस आशय से प्रेषित कि "योग सभागार" में बिजली उपकरण आदि के सुचारू सञ्चालन की समुचित व्यवस्था तथा उक्त दिनों में समिति कक्ष संख्या-03 (शैक्षणिक सदन) को खुलवाने के लिए अधिनस्त कर्मचारियों को निर्देशित करें।
5. संगणक प्रमुख को निम्नलिखित आशय से प्रेषित:-
   - क. उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित कर, समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक वर्ग को Whatsapp तथा SMS के माध्यम से सूचित करने के लिए अधिनस्त कर्मचारियों को निर्देशित करें ।
   - ख. फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी इत्यादि की उचित व्यवस्था के लिएअधिनस्त कर्मचारियों को निर्देशित करें ।
6. विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक वर्ग को सूचनार्थ।
7. ओ.एस.डी. (कुलपति)
8. निजी सचिव - कुलपति/ कुलसचिव/ वित्ताधिकारी/ परीक्षा नियंत्रक/ पुस्तकालय अध्यक्ष
9. समस्त सूचना पट्ट- छात्र-छात्राओं को सूचनार्थ।
10. संबंधित पत्रावली
11. कार्यालय आदेश पत्रावली

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

# सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

हमारा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है ।

हमारा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है ।

इस दिशा में स्वयं को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने तथा रक्षोपाय, सत्यनिष्ठा ढांचा तथा नीति-संहिता स्थापित करने के अपने उत्तरदायित्व को हम स्वीकार करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम किसी भी भ्रष्ट आचरण का हिस्सा नहीं हैं तथा भ्रष्टाचार के दृष्टांतों पर हम अत्यधिक सख्ती से कार्रवाई करते हैं ।

हम मानते हैं कि भ्रष्टाचार उन्मूलन करने में तथा अपने कार्यों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा सुशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए, एक संगठन होने के नाते हमें सामने से नेतृत्व करना होगा।

अतः, हम प्रतिज्ञा करते हैं कि:-

- हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे;
- हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगे;
- हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं;
- हम कार्यों के संचालन में संबद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे;
- हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति-संहिता अपनाएंगे;
- हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के ईमानदार निष्पादन के लिए, उनके कार्य से संबद्ध नियमों, विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे;
- हम समस्याओं तथा कपटपूर्ण कार्यकलापों की सूचना देने के लिए समस्या समाधान तथा सूचना प्रदाता तंत्र का प्रबंध करेंगे;
- हम संबंधित पक्षों एवं समाज के अधिकारों तथा हितों का संरक्षण करेंगे